# Janki Devi Bajaj Government Girls College, Kota



# Self-Study Report

**Criteria 6**

***6.3.3 Total number of teachers attending professional development Program Viz., Orientation/ Induction Program, Refresher Courses Shot Terms Courses year wise during the last five years***

| S.No. | Contents | Page No. |
|---|---|---|
| 1. | Annual reports highlighting the programs undertaken by teaching faculties | 1-10 |

SANJAY BHARGAVA
Digitally signed by SANJAY BHARGAVA
Date: 2023.04.27 12:26:28 +05'30'

# <u>जानकी देवी बजाज राजकीय कन्या महाविद्यालय, कोटा (राज.)</u>

## वार्षिक प्रतिवेदन 2017–18

किसी भी संस्था में सत्रपर्यंत होने वाली समस्त गतिविधियों का जीवंत दस्तावेज एवं प्रतिबिंब उसका वार्षिक प्रतिवेदन होता है। वार्षिक प्रतिवेदन को पढ़कर उसकी विविध गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक सफलता के उन्नयन का अनुमान सहज ही लगाया जा सकता है ।

राजस्थान राज्य की शैक्षणिक नगरी कोटा में 1958 में स्थापित जानकी देवी बजाज राजकीय कन्या महाविद्यालय कोटा उच्च शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभाते हुए वर्ष 1992 में स्नातकोत्तर महाविद्यालय में क्रमोन्नत हुआ था, तत्पश्चात् वर्ष 1999 में विज्ञान विषयों में स्नातकोत्तर कक्षाएं प्रारंभ हुई। यह हाड़ौती क्षेत्र का एक ऐसा शिक्षा संस्थान है जो उच्च शिक्षा के साथ साथ विभिन्न कौशल विकास एवं रोज़गारपरक शिक्षा देकर छात्राओं को राष्ट्र निर्माण हेतु तैयार कर रहा है।

हमारे महाविद्यालय में विज्ञान संकाय में स्नातक एवं स्नातकोत्तर कक्षाएँ संचालित हैं। शैक्षणिक सत्र 2017-18 में महाविद्यालय में कुल 1783 छात्राएँ अध्ययनरत हैं। महाविद्यालय में शैक्षणिक संकाय में कुल 45 पद तथा अशैक्षणिक में 34 पद स्वीकृत हैं। शैक्षणिक में 28 तथा अशैक्षणिक में 12 पदों पर अधिकारी व कर्मचारी इस सत्र में कार्यरत हैं।

वर्तमान शैक्षणिक सत्र 2017–18 में महाविद्यालय में कार्यरत संकाय सदस्यों में विभिन्न शोध पर्यवेक्षकों के शोध निर्देशन के अधीन 09 शोधार्थी पंजीकृत होकर शोधरत हैं। 02 शोधार्थी को इस सत्र में शोध उपाधि (Ph.D) प्राप्त हुई है।यह संकाय सदस्यों की शोध के प्रति सक्रिय व समर्पित कर्मठता का परिचायक है। प्रति वर्ष महाविद्यालय के विभिन्न संकाय सदस्यों द्वारा शोध क्षेत्र में शोध कार्य का प्रकाशन राष्ट्रीय एवं अन्तरराष्ट्रीय स्तर के शोध जर्नल तथा किताबों में होता रहा है।

सत्रपर्यंत अध्ययन व अध्यापन के माध्यम से छात्राओं का सर्वांगीण विकास हमारे महाविद्यालय का मुख्य उद्देश्य रहा है। आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा राजस्थान, जयपुर द्वारा समय-समय पर निर्देशित विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन कर विद्यार्थियों में रचनात्मकता के अंकुरण के लिए हम सभी सदैव कृतसंकल्पित हैं। महाविद्यालय को माह फ़रवरी 2014 में NAAC (राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद) द्वारा "A" ग्रेड प्राप्त हुआ है जो उच्च स्तरीय शिक्षा की प्रतिबद्धता को दर्शाता है ।

शैक्षणिक सत्र 2017-18 में FDP (संकाय विकास एवं उन्नयन कार्यक्रम) में 01 संकाय सदस्य तथा Orientation program में 01 संकाय सदस्य द्वारा प्रशिक्षण पाठ्यक्रम को सफलतापूर्वक पूर्ण किया गया एवं शिक्षण पद्धति की नई तकनीक को आत्मसात् किया।

विश्वविद्यालय परीक्षाओं में महाविद्यालय का स्नातक व स्नातकोत्तर स्तर पर परीक्षा परिणाम उत्कृष्त रहा।

एम. एस. सी. रसायन शास्त्र सुश्री दीक्षा गौतम ने विश्वविद्यालय परीक्षा मे मेरिट में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। सुश्री गिरीबाला धाकड़ ने नवाँ स्थान प्राप्त किया।

एम. एस. सी. वनस्पतिशास्त्र मे सुश्री अपूर्वा दीक्षित ने मेरिट में पाँचवा एवं सुश्री सोनम गोहिल ने आठवाँ स्थान प्राप्त किया।

बी. एस. सी. तृतीय वर्ष में कुमारी रक्षिता गोस्वामी ने मेरिट 8वाँ स्थान प्राप्त किया।

SANJAY BHARGAVA Digitally signed by SANJAY BHARGAVA Date: 2023.04.27 12:26:45 +05'30'

नवंबर 2017 में विधिक जागरूकता अभियान के अंतर्गत वस्तुनिष्ठ प्रतियोगिता महाविद्यालय में आयोजित की गई। 20 दिसंबर 2017 को राज्य स्तर पर आयोजित एकल नृत्य प्रतियोगिता में छात्राओं ने द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार प्राप्त कर महाविद्यालय को गौरवान्वित किया।

सत्र में कोटा विश्वविद्यालय, कोटा द्वारा आयोजित अंतरमहाविद्यालय बास्केटबॉल प्रतियोगिता में महाविद्यालय की टीम उपविजेता रही।

8 मार्च 2018 को महिला दिवस पर जानकी देवी बजाज राजकीय कन्या महाविद्यालय कोटा को एकमात्र महिला महाविद्यालय बनाया गया।

महिला प्रकोष्ठ द्वारा नेत्र जाँच शिविर, मेहंदी प्रतियोगिता, राखी बनाओ प्रतियोगिता आदि गतिविधियाँ करवाई गई।

एक भारत श्रेष्ठ भारत प्रतियोगिता में आसामी नृत्य कार्यक्रम एवं व्यंजन प्रतियोगिता आयोजित की गई।

युवा विकास केंद्र का शुभारंभ इस सत्र में वृक्षारोपण से हुआ और वर्षपर्यन्त विभिन्न व्याख्यानों व गतिविधियों के माध्यम से छात्राओं के सर्वांगीण विकास हेतु कार्य किया गया। इसी क्रम में छात्राओं को रावतभाटा अणु शक्ति संयंत्र व वहाँ के पारिस्थितिकी जोन का भ्रमण करवाया गया।

रेड रिबन क्लब के तहत भी छात्राओं को एड्स एवं रक्तदान से सम्बन्धित जानकारी दी गई।

अत्यंत प्रसन्नता का विषय है कि इस वर्ष 5 छात्राओं का प्लेसमेंट केरियर प्वाइंट इंस्टिट्यूट में हुआ है।

महाविद्यालय द्वारा वार्षिक साहित्यिक पत्रिका 'वाग्धारा' का संपादन प्रतिवर्ष किया जाता है जिसमें शैक्षणिक सत्र की प्रत्येक गतिविधि का संपूर्ण ब्यौरा व्यवस्थित रूप से प्रामाणिक दस्तावेज के रूप में उपलब्ध रहता है।

इस प्रकार यह सत्र अध्ययन-अध्यापन के अतिरिक्त अनेक नवाचारों से युक्त अन्य महत्वपूर्ण सह-शैक्षणिक गतिविधियों के सफल क्रियान्वयन की दृष्टि से अत्यंत प्रभावशाली उपलब्धियों से भरा रहा।

मैं छात्राओं को उनकी उपलब्धियों के लिए हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ प्रेषित करती हूँ।

प्राचार्य
जा.दे.ब.राजकीय कन्या महाविद्यालय
कोटा

SANJAY BHARGAVA
Digitally signed by SANJAY BHARGAVA
Date: 2023.04.27 12:26:55 +05'30'

# जानकी देवी बजाज राजकीय कन्या महाविद्यालय, कोटा (राज.)

## वार्षिक प्रतिवेदन 2018–19

महाविद्यालय परिवार का मुखिया होने के कारण मुझे यह बताते हुए अत्यंत हर्ष व गर्व की अनुभूति हो रही है कि बालिका शिक्षा के क्षेत्र में गुणात्मक उच्च शिक्षा प्रदान करने में हमारा महाविद्यालय न केवल हाड़ौती में बल्कि संपूर्ण राज्य में अपना अहम स्थान रखता है।हमारा उद्देश्य ज्ञानार्जन के माध्यम से मात्र अर्थोपार्जन ही नहीं अपितु विशेषतःछात्राओं के व्यक्तित्व का समग्र विकास करना रहा है।

राजस्थान राज्य की शैक्षणिक नगरी कोटा में 1958 में स्थापित जानकी देवी बजाज राजकीय कन्या महाविद्यालय कोटा उच्च शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभाते हुए वर्ष 1992 में स्नातकोत्तर महाविद्यालय में क्रमोन्नत हुआ था,तत्पश्चात् वर्ष 1999 में विज्ञान विषयों में स्नातकोत्तर कक्षाएं प्रारंभ हुई।

हमारे महाविद्यालय में विज्ञान संकाय में स्नातक एवं स्नातकोत्तर कक्षाएँ संचालित हैं। शैक्षणिक सत्र 2018–19 में महाविद्यालय में कुल 1878 छात्राएँ अध्ययनरत हैं। महाविद्यालय में शैक्षणिक संकाय में कुल 45 पद तथा अशैक्षणिक में 34 पद स्वीकृत हैं। शैक्षणिक में 23 तथा अशैक्षणिक में 12 पदों पर अधिकारी व कर्मचारी इस सत्र में कार्यरत हैं।

वर्तमान शैक्षणिक सत्र 2018–19 में महाविद्यालय में कार्यरत संकाय सदस्यों में विभिन्न शोध पर्यवेक्षकों के शोध निर्देशन के अधीन 09शोधार्थी पंजीकृत होकर शोधरत हैं। 02 शोधार्थी को इस सत्र में शोध उपाधि (Ph.D) प्राप्त हुई है।यह संकाय सदस्यों की शोध के प्रति सक्रिय व समर्पित कर्मठता का परिचायक है।प्रति वर्ष महाविद्यालय के विभिन्न संकाय सदस्यों द्वारा शोध क्षेत्र में शोध कार्य का प्रकाशन राष्ट्रीय एवं अन्तरराष्ट्रीय स्तर के शोध जर्नल तथा किताबों में होता रहा है।

सत्रपर्यंत अध्ययन व अध्यापन के माध्यम से छात्राओं का सर्वांगीण विकास हमारे महाविद्यालय का मुख्य ध्येय है।

आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा राजस्थान,जयपुर द्वारा सत्रपर्यंत निर्देशित विभिन्न साहित्यिक व सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं के साथ-साथ अनेकानेक गतिविधियों का आयोजन कर विद्यार्थियों में रचनात्मक विकास के लिए हम सभी सदैव प्रतिबद्ध हैं। महाविद्यालय को माह फ़रवरी 2014 में NAAC (राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद) द्वारा A ग्रेड प्राप्त हुआ है जो उच्च स्तरीय शिक्षा हेतु इस प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

शैक्षणिक सत्र 2018–19 में FDP (संकाय विकास एवं उन्नयन कार्यक्रम) में 15 संकाय सदस्यों द्वारा प्रशिक्षण पाठ्यक्रम सफलतापूर्वक पूर्ण किया जिससे उनके ज्ञान में उल्लेखनीय नवीनतम अभिवृद्धि हुई है।

इसी कड़ी को जोड़ते हुए छात्राओं के सर्वांगीण विकास हेतु महाविद्यालय में सत्रपर्यंत अनेक शिक्षणेत्तर गतिविधियों का संचालन होता है। शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य दोनों के उन्नयन हेतु महाविद्यालय जिम, खेल-कूद, महिला प्रकोष्ठ, साहित्यिक-सांस्कृतिक मंच, मानवाधिकार क्लब, राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS), एन.सी.सी (NCC), स्काउट-गाइड रोवर्स, कम्प्यूटर, स्मार्ट क्लास, युवा विकास केंद्र, डिजिटल पुस्तकालय, भाषा दक्षता आदि अनेकों आयामों से जोड़कर श्रेष्ठता के अवसर प्रदान करता है।

SANJAY BHARGAVA Digitally signed by SANJAY BHARGAVA Date: 2023.04.27 12:27:06 +05'30'

सत्र 2018—19में कोटा विश्वविद्यालय, कोटा द्वारा आयोजित अंतरमहाविद्यालय खेल-कूद प्रतियोगिता के अंतर्गत तैराकी प्रतियोगिता में महाविद्यालय की छात्रा **शिवानी प्रजापत** ने विजेता बनकर महाविद्यालय को गौरवान्वित किया।

विश्वविद्यालय परीक्षा में स्नातक  एवं स्नातकोत्तर स्तर पर परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा है।

एम.एस.सी (उत्तरार्ध) रसायनशास्त्र मे महाविद्यालय की छात्राओं ने सुश्री दीक्षा मालव ने प्रथम तरूणा खंडेलवाल ने द्वितीय व कु. मीनाक्षी यादव ने  नवाँ स्थान प्राप्त किया।

एम.एस.सी. (उत्तरार्ध) वनस्पतिशास्त्र मे कल्पना गौतम ने आठवाँ स्थान प्राप्त किया।

बी.एस.सी. तृतीय वर्ष की छात्राओं ने सपना नागर ने तृतीय, अंकिता परियानी ने चतुर्थ एवं सोनल जैन ने मेरिट में पाँचवा स्थान प्राप्त किया है।

इसी क्रम में महाविद्यालय की अत्यंत परिश्रमी, कर्तव्यनिष्ठ एवं जुझारू व्यक्तित्व की धनी श्रीमती रचना भार्गव (प्रयोगशाला सहायक) को जिला कलक्टर कोटा द्वारा 15 अगस्त 2018 को राजकीय व सामाजिक सेवा में उत्कृष्ट कार्य करने पर सम्मानित किया गया जो महाविद्यालय के लिए एक विशिष्ट उपलब्धि है।

अतः कहा जा सकता है कि यह सत्र अध्ययन-अध्यापन के अतिरिक्त अनेक नवाचारों से युक्त अन्य महत्वपूर्ण सह-शैक्षणिक गतिविधियों के सफल क्रियान्वयन की दृष्टि से अत्यंत प्रभावशाली उपलब्धियों से भरा रहाहै।

मैं छात्राओं को उनकी उपलब्धियों के लिए हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ प्रेषित करती हूँ।

प्राचार्य
जा.दे.ब.राजकीय कन्या महाविद्यालय
कोटा

SANJAY BHARGAVA Digitally signed by SANJAY BHARGAVA Date: 2023.04.27 12:27:15 +05'30'

# जानकी देवी बजाज राजकीय कन्या महाविद्यालय, कोटा (राज.)

## वार्षिक प्रतिवेदन 2019–20

महाविद्यालय के वार्षिक प्रतिवेदन को प्रस्तुत करते हुए मुझे अपार गर्व की अनुभूति हो रही है कि बालिका शिक्षा के क्षेत्र में गुणात्मक उच्च शिक्षा प्रदान करने में हमारा महाविद्यालय न केवल हाड़ौती में बल्कि संपूर्ण राज्य में अपना महत्वपूर्ण स्थान रखता आया है। हमारा उद्देश्य छात्राओं के संपूर्ण व्यक्तित्व को कुशलता से परिपूर्ण कर प्रदर्शित करना रहा है।

राजस्थान राज्य की शैक्षणिक नगरी कोटा में 1958 में स्थापित जानकी देवी बजाज राजकीय कन्या महाविद्यालय कोटा उच्च शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभाते हुए वर्ष 1992 में स्नातकोत्तर महाविद्यालय में क्रमोन्नत हुआ था,तत्पश्चात् वर्ष 1999 में विज्ञान विषयों में स्नातकोत्तर कक्षाएं प्रारंभ हुई।

हमारे महाविद्यालय में विज्ञान संकाय में स्नातक एवं स्नातकोत्तर कक्षाएँ संचालित हैं। शैक्षणिक सत्र 2019–20 में महाविद्यालय में कुल 1946 .छात्राएँ अध्ययनरत हैं। महाविद्यालय में शैक्षणिक संकाय में कुल 47 स्वीकृत पद में से 29 कार्यरत तथा अशैक्षणिक में 34 स्वीकृत पदों में से 12 अधिकारी व कर्मचारी इस सत्र में कार्यरत हैं।

वर्तमान शैक्षणिक सत्र 2019–20 में महाविद्यालय में कार्यरत संकाय सदस्यों में विभिन्न शोध पर्यवेक्षकों के शोध निर्देशन के अधीन 13 शोधार्थी पंजीकृत होकर शोधरत हैं। प्रतिवर्ष महाविद्यालय के विभिन्न संकाय सदस्यों द्वारा शोध क्षेत्र में शोध कार्य का प्रकाशन राष्ट्रीय एवं अन्तरराष्ट्रीय स्तर के शोध जर्नल तथा किताबों में होता रहा है।

सत्रपर्यंत अध्ययन व अध्यापन के माध्यम से छात्राओं का सर्वांगीण विकास हमारे महाविद्यालय का मुख्य ध्येय है।

आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा राजस्थान, जयपुर द्वारा सत्र पर्यंत निर्देशित विभिन्न साहित्यिक व सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं के साथ-साथ अनेकानेक गतिविधियों का आयोजन कर विद्यार्थियों में रचनात्मक विकास के लिए हम सभी सदैव प्रतिबद्ध हैं। महाविद्यालय को माह फ़रवरी 2014 में NAAC (राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद) द्वारा "A" ग्रेड प्राप्त हुआ है जो उच्च स्तरीय शिक्षा हेतु महाविद्यालय के शैक्षणिक-गुणवत्ता के स्थापित मानक को प्रतिबिंबित करता है।

शैक्षणिक सत्र 2019–20 में FDP (संकाय विकास एवं उन्नयन कार्यक्रम) में संकाय सदस्यों द्वारा 04प्रशिक्षण पाठ्यक्रम, 01 संकाय सदस्य द्वारा ओरिएंटेशन तथा 01 संकाय सदस्य ने रिफ्रेशर (पुनर्नवा) सफलतापूर्वक पूर्ण किया। निश्चित ही इन ज्ञानवर्धक पाठ्यक्रमों से उनके ज्ञान में नवीनतम अभिवृद्धि हुई होगी।

विश्वविद्यालय परीक्षाओं में महाविद्यालय का स्नातक व स्नातकोत्तर स्तर पर परीक्षा परिणाम उत्कृष्त रहा।

एम. एस. सी. चतुर्थ सेमेस्टर में (रसायनशास्त्र) सुश्री अभिलाषा बैरागी ने मेरिट मे प्रथम स्थान प्राप्त किया एवं कोटा विश्वविद्यालय, कोटा द्वारा सुश्री अभिलाषा बैरागी को स्वर्ण पदक प्रदान किया गया। साथ ही

SANJAY BHARGAVA Digitally signed by SANJAY BHARGAVA Date: 2023.04.27 12:27:25 +05'30'

गिरीजा नागर ने छठा, मनीषा नागर ने सातवाँ, दर्शना जैन ने दसवाँ स्थान प्राप्त किया, जो उच्चशिक्षा में गुणवत्ता का परिचायक है।

एम. एस. सी. वनस्पति शास्त्र में ललिता चैधरी ने तीसरा, हिमांशी जोशी ने चतुर्थ, कुमकुम जयपुरिया ने पाँचवा स्थान प्राप्त किया।

विश्वविद्यालय परीक्षा मे स्नातक स्तर पर परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट (98.58 %) रहा है।

इसी कड़ी को जोड़ते हुए छात्राओं के सर्वांगीण विकास हेतु महाविद्यालय में सत्रपर्यंत अनेक शिक्षणेत्तर गतिविधियों का संचालन होता है। शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य दोनों के उन्नयन हेतु महाविद्यालय जिम, खेल-कूद, महिला प्रकोष्ठ, साहित्यिक-सांस्कृतिक मंच, मानवाधिकार क्लब, राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS), एन.सी.सी (NCC), स्काउट-गाइड रोवर्स, कंप्यूटर, स्मार्ट क्लास, युवा विकास केंद्र, डिजिटल पुस्तकालय, भाषा दक्षता आदि अनेकों आयामों से जोड़कर श्रेष्ठता के अवसर प्रदान करता है।

सत्र 2019-20 में कोटा विश्वविद्यालय,कोटा द्वारा आयोजित अंतरमहाविद्यालय खेल-कूद प्रतियोगिता के अंतर्गत महाविद्यालय की **हैंडबॉल टीम उपविजेता** रही। साथ ही **बास्केटबॉल टीम** ने **विजेता** बनकर महाविद्यालय को गौरवान्वित किया और **चलवैजयंती ट्रॉफी** प्राप्त की। एथलेटिक्स प्रतियोगिता में 200 मीटर दौड़ में छात्रा **अनुराधा मीणा** ने **स्वर्ण पदक** जीतकर महाविद्यालय को गौरवान्वित होने का अवसर प्रदान किया।

2 अक्टूबर को गांधी जयंती के अवसर पर महाविद्यालय में NCC, NSS, स्काउट-गाईड एवं युवा विकास केन्द्र के संयुक्त तत्वावधान में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 75 यूनिट रक्त संग्रहण किया गया।

इसी सत्र में मुख्यमंत्री युवा कौशल विकास योजना के अंतर्गत Rajasthan Skill and Livelihood Development Corporation (RSLDC) द्वारा जारी विभिन्न कोर्सेस का प्रशिक्षण छात्राओं को करवाया गया। कम्युनिटी कनेक्ट का कार्यक्रम 15 फरवरी 2020 को करवाया गया।

अतः कहा जा सकता है कि शैक्षणिक सत्र 2019–20 में यह शैक्षणिक संस्थान सतत् अध्ययन–अध्यापन के अतिरिक्त अनेक नवाचारों से युक्त अन्य महत्वपूर्ण सह-शैक्षणिक गतिविधियों के सफल क्रियान्वयन की दृष्टि से उत्तरोत्तर प्रगति के पथ पर अग्रसर है।

इस सत्र की यह विशेषता रही कि शिक्षक-अभिभावक संवाद कार्यक्रम के अन्तर्गत विभिन्न प्रतियोगिताएँ प्रत्येक माह (माह अक्टूबर से माह फरवरी) तक आयोजित की गई व दिनांक 15.02.2020 को छात्राओं को अभिभावकों की उपस्थिति में पुरस्कृत किया गया।

मैं छात्राओं को उनकी उपलब्धियों के लिए हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ प्रेषित करती हूँ।

कार्यवाहक प्राचार्य

जा.दे.ब. राजकीय कन्या महाविद्यालय

कोटा

SANJAY BHARGAVA

Digitally signed by SANJAY BHARGAVA
Date: 2023.04.27 12:27:36 +05'30'

# जानकी देवी बजाज राजकीय कन्या महाविद्यालय, कोटा (राज.)

## वार्षिक प्रतिवेदन 2020—21

महाविद्यालय के वार्षिक प्रतिवेदन को प्रस्तुत करते हुए अत्यंत गर्व के साथ कहा जा सकता है कि बालिका शिक्षा के क्षेत्र में कारगर एवं गुणात्मक उच्च शिक्षा प्रदान करने में हमारा महाविद्यालय न केवल हाड़ौती में बल्कि संपूर्ण राज्य में अपना विशेष स्थान रखता आया है।हमारा उद्देश्य छात्राओं के संपूर्ण व्यक्तित्व को कुशलता से यथार्थ के धरातल पर सिद्ध करना रहा है।

राजस्थान राज्य की विख्यात शैक्षणिक नगरी कोटा में 1958 में स्थापित जानकी देवी बजाज राजकीय कन्या महाविद्यालय कोटा उच्च शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभाते हुए वर्ष 1992 में स्नातकोत्तर महाविद्यालय में क्रमोन्नत हुआ था, तत्पश्चात् वर्ष 1999 में विज्ञान विषयों में स्नातकोत्तर कक्षाएं प्रारंभ हुई।

हमारे महाविद्यालय में विज्ञान संकाय में स्नातक एवं स्नातकोत्तर कक्षाएँ संचालित हैं। शैक्षणिक सत्र 2020—21 में महाविद्यालय में कुल 1794 छात्राएँ अध्ययनरत हैं। महाविद्यालय में शैक्षणिक संकाय में कुल 47 स्वीकृत पदों में से 28 कार्यरत तथा अशैक्षणिक में 31 स्वीकृत पदों में से 13 अधिकारी व कर्मचारी इस सत्र में कार्यरत हैं।

वर्तमान शैक्षणिक सत्र 2020—21 में महाविद्यालय में कार्यरत संकाय सदस्यों में विभिन्न शोध पर्यवेक्षकों के शोध निर्देशन के अधीन 16 शोधार्थी पंजीकृत होकर शोधरत हैं। 02 शोधार्थी को इस सत्र में शोध उपाधि (Ph.D) प्राप्त हुई है।यह संकाय सदस्यों की शोध के प्रति सक्रिय व समर्पित कार्य कुशलता का परिचायक है। प्रति वर्ष महाविद्यालय के विभिन्न संकाय सदस्यों द्वारा शोध क्षेत्र में शोध कार्य का प्रकाशन राष्ट्रीय एवं अन्तरराष्ट्रीय स्तर के शोध जर्नल तथा किताबों में होता रहा है।

सत्रपर्यंत अध्ययन व अध्यापन के माध्यम से छात्राओं का सर्वांगीण विकास हमारे महाविद्यालय का मुख्य ध्येय है।

आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा राजस्थान, जयपुर द्वारा सत्रपर्यंत निर्देशित विभिन्न साहित्यिक व सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं के साथ-साथ अनेकानेक गतिविधियों का आयोजन कर विद्यार्थियों में रचनात्मक विकास के लिए हम सभी सदैव प्रतिबद्ध हैं। महाविद्यालय को माह फ़रवरी 2014 में NAAC (राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद) द्वारा "A" ग्रेड प्राप्त हुआ है जो उच्च स्तरीय शिक्षा हेतु महाविद्यालय के शैक्षणिक-गुणवत्ता के स्थापित मानक की पुष्टि करता है।

शैक्षणिक सत्र 2020—21 में FDP (संकाय विकास एवं उन्नयन कार्यक्रम) में 29 संकाय सदस्यों द्वारा प्रशिक्षण पाठ्यक्रम, 02 संकाय सदस्यों ने ओरिएंटेशन सफलतापूर्वक पूर्ण किया।

वर्तमान सत्र में डॉ फ़ातिमा सुल्ताना, विभागाध्यक्ष- प्राणीशास्त्र को अकादमिक, शोध व सामाजिक योगदान के लिए राज्य स्तरीय पुरस्कार प्राप्त हुआ। यह पुरस्कार उच्च शिक्षा मंत्री, उच्च शिक्षा सचिव एवं आयुक्त कॉलेज शिक्षा, जयपुर द्वारा प्रदान किया जो महाविद्यालय के लिए गर्व का विषय है ।

विश्वविद्यालय परीक्षा मे स्नातक (99.26%) एवं स्नातकोत्तर स्तर पर परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा है।

नवाचार व कौशल विकास प्रकोष्ठ द्वारा महाविद्यालय में "बेसिक इन्स्ट्रूमेन्टेशन एंड लेबोरेट्री टैक्नीक्स" विषय पर 15 दिवसीय ऑनलाइन/ऑफलाइन प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया जिसमें 48 छात्राओं ने प्रशिक्षण प्राप्त किया।



SANJAY BHARGAVA Digitally signed by SANJAY BHARGAVA Date: 2023.04.27 12:28:01 +05'30'

इसी क्रम में नवाचार व कौशल विकास प्रकोष्ठ द्वारा “बेसिक कंप्यूटर एंड सॉफ़्टवेयर स्किल “विषय पर 15 दिवसीय ऑनलाइन/ऑफलाइन कार्यशाला आयोजित की गई जिसमें कुल 60 छात्राएँ लाभान्वित हुई।

मार्च 2020 से कोविड-19 महामारी के कारण महाविद्यालय का कार्य ऑनलाइन शिक्षा प्रणाली द्वारा निरंतर जारी रहा। व छात्राओं से वाट्सअप ग्रुप से निरंतर संवाद बनाये रखते हुए शिक्षण कार्य सम्पन्न किया गया है। महाविद्यालय के सभी विषयों के सहायक एवं सहआचार्यों द्वारा महाविद्यालय की यूट्यूब लिंक पर 1778 विडिओ व्याख्यान अपलोड किये गए। साथ ही इनर सहशेक्षणिक एवं शिक्षणेत्तर गतिविधियों का आयोजन भी ऑनलाइन माध्यम से किया गया व कोविड-19 महामारी की रोकथाम हेतु प्रयास व बचाव के उपाय हेतु जागरूकता अभियान चलाकर सतर्क रहने हेतु प्रेरित किया। विभिन्न विषयों के पीडीएफ नोट्स, मॉडल पेपर्स, प्रश्न-पत्र व ग्रह कार्य सोपकर विषय के प्रति अभिरूचि जागरूकता में महत्वपूर्ण योगदान दिया गया।

इसी क्रम को आगे बढ़ाते हुए छात्राओं के सर्वांगीण विकास हेतु महाविद्यालय में सत्रपर्यंत अनेक शिक्षणेत्तर गतिविधियों का आयोजन व संचालन किया जाता है जिनसे छात्राओं के शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य दोनों का उन्नयन होता है। इस हेतु महाविद्यालय जिम, खेल-कूद, महिला प्रकोष्ठ, साहित्यिक-सांस्कृतिक मंच, मानवाधिकार क्लब, राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS), एन.सी.सी (NCC), स्काउट-गाइड रोवर्स, कंप्यूटर, स्मार्ट क्लास, युवा विकास केंद्र, डिजिटल पुस्तकालय, भाषा दक्षता आदि अनेकों आयामों से जोड़कर श्रेष्ठता के अवसर प्रदान करता है।

इस प्रकार शैक्षणिक सत्र 2020—21 में सत्रारंभ से सत्रावसान तक यह शैक्षणिक संस्थान निरंतर बहुउद्देशीय गतिविधियों के सफल क्रियान्वयन की दृष्टि से सार्थकता को परिलक्षित करता रहा है।

मैं छात्राओं को उनकी उपलब्धियों के लिए हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ प्रेषित करती हूँ।

प्राचार्य
जा.दे.ब.राजकीय कन्यामहाविद्यालय
कोटा

SANJAY BHARGAVA
Digitally signed by SANJAY BHARGAVA
Date: 2023.04.27 12:28:10 +05'30'

# जानकी देवी बजाज राजकीय कन्या महाविद्यालय, कोटा (राज.)

## वार्षिक प्रतिवेदन 2021–22

शिक्षा वह है जो साधारण व्यक्ति को भी जीवन के संग्राम में समर्थ बनाए,चरित्र निर्माण करे,मानसिक शक्तियों को बढ़ाए और व्यक्ति को स्वाभिमान के साथ स्वावलंबी बनाने का मार्ग प्रशस्त करे। शिक्षा की सार्थकता साक्षर करने तक ही सीमित नहीं है अपितु इसकी व्यापकता इसी से सिद्ध होती है कि जब युवा-पीढ़ी मानसिक नवोन्मेष, बहुआयामी जीवन प्रबंधन, सामाजिक विचार-शीलता तथा रोज़गार प्राप्ति की निश्चितता तक पहुँचे। जानकी देवी बजाज राजकीय कन्या महाविद्यालय उक्त उद्देश्य को लेकर ही अध्ययन व अध्यापन के माध्यम से छात्राओं के सर्वांगीण विकास की ओर उन्मुख होकर निरंतर गतिमान है ।

राजस्थान राज्य की शैक्षणिक नगरी कोटा में 1958 में स्थापित जानकी देवी बजाज राजकीय कन्या महाविद्यालय कोटा उच्च शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभाते हुए वर्ष 1992 में स्नातकोत्तर महाविद्यालय में क्रमोन्नत हुआ था, तत्पश्चात् वर्ष 1999 में विज्ञान विषयों में स्नातकोत्तर कक्षाएं प्रारंभ हुई।

हमारे महाविद्यालय में विज्ञान संकाय में स्नातक एवं स्नातकोत्तर कक्षाएँ संचालित हैं। शैक्षणिक सत्र 2021-22 में महाविद्यालय में कुल 1634 छात्राएँ अध्ययनरत हैं। महाविद्यालय में वर्तमान सत्र में शैक्षणिक संकाय में कुल 47 एवं अशैक्षणिक में 31 पद स्वीकृत हैं। शैक्षणिक संकाय में 24 एवं अशैक्षणिक में 13 अधिकारी व कर्मचारी कार्यरत हैं।

वर्तमान शैक्षणिक सत्र 2021-22 में महाविद्यालय में कार्यरत संकाय सदस्यों में विभिन्न शोध पर्यवेक्षकों के शोध निर्देशन के अधीन 27 शोधार्थी पंजीकृत होकर शोधरत हैं। 01 शोधार्थी को इस सत्र में शोध उपाधि (Ph.D) प्राप्त हुई है।

सत्रपर्यंत अध्ययन व अध्यापन के माध्यम से छात्राओं का सर्वांगीण विकास हमारे महाविद्यालय का मुख्य ध्येय है।

आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा राजस्थान,जयपुर द्वारा सत्रपर्यंत निर्देशित विभिन्न साहित्यिक व सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं के साथ-साथ अनेकानेक गतिविधियों का आयोजन कर विद्यार्थियों में रचनात्मक विकास के लिए हम सभी सदैव प्रतिबद्ध हैं। महाविद्यालय को माह फ़रवरी 2014 में NAAC (राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद) द्वारा “A” ग्रेड प्राप्त हुआ है जो उच्च स्तरीय शिक्षा हेतु महाविद्यालय के शैक्षणिक-गुणवत्ता के स्थापित मानक की पुष्टि करता है।

शैक्षणिक सत्र 2021-22 में आयुक्तालय द्वारा आयोजित संकाय विकास एवं उन्नयन कार्यक्रम (FDP) के अंतर्गत विभिन्न संकाय सदस्यों द्वारा 56 प्रशिक्षण पाठ्यक्रम, 01 संकाय सदस्य द्वारा ओरिएंटेशन तथा 04 संकाय सदस्यों द्वारा रिफ़्रेशर पाठ्यक्रम को सफलतापूर्वक पूर्ण किया गया।मेरा मानना है कि निश्चित ही इन ज्ञानवर्धक पाठ्यक्रमों से संकाय सदस्यों के ज्ञान में नवीनतम अभिवृद्धि हुई होगी।

विश्वविद्यालय परीक्षा मे स्नातक (98.78%) एवं स्नातकोत्तर स्तर पर परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा है।

इसी क्रम को आगे बढ़ाते हुए छात्राओं के सर्वांगीण विकास हेतु महाविद्यालय में सत्रपर्यंत अनेक शिक्षणेत्तर गतिविधियों का आयोजन व संचालन किया जाता है जिनसे छात्राओं के शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य दोनों का उन्नयन होता है। इस हेतु महाविद्यालय जिम, खेल-कूद, महिला प्रकोष्ठ, साहित्यिक-सांस्कृतिक मंच, मानवाधिकार क्लब, राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS), एन.सी.सी (NCC), स्काउट-गाइड रोवर्स, कंप्यूटर, स्मार्ट क्लास,युवा विकास केंद्र, डिजिटल पुस्तकालय, भाषा दक्षता आदि अनेकों आयामों से जोड़कर श्रेष्ठता के अवसर प्रदान करता है।

SANJAY BHARGAVA Digitally signed by SANJAY BHARGAVA Date: 2023.04.27 12:28:21 +05'30'

2 अक्टूबर को गांधी जयंती एवं आज़ादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में महाविद्यालय की एन.एस.एस. की इकाइयों द्वारा स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें लगभग 12यूनिट रक्त संग्रहण किया ।

इसी क्रम में 28 नवम्बर 2021 को एनसीसी के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में महाविद्यालय एवं 7 राज गर्ल्स बटालियन एनसीसी कोटा के संयुक्त तत्वावधान में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें एनसीसी कैडेट व अन्य कार्मिकों ने सामाजिक सरोकार निभाते हुए पुनीत कार्य रक्तदान–महादान में उत्साहपूर्ण अपना योगदान दिया।इस अवसर पर लगभग 47 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया ।

26 जनवरी 2022 को शिक्षा व समाज के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए डॉ शुचिता जैन सह आचार्य (वनस्पति शास्त्र) को जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में ज़िला कलक्टर द्वारा सम्मानित किया गया जो महाविद्यालय के लिए गौरव का विषय है ।

इसी क्रम में महाविद्यालय के 4 संकाय सदस्यों (डॉ फ़ातिमा सुल्ताना, डॉ शुचिता जैन, डॉ विजय देवड़ा एवं डॉ पूनम जायसवाल) को मार्च 2022 में विज्ञान व प्रौद्योगिकी विभाग राजस्थान, जयपुर द्वारा महिला वैज्ञानिक पुरस्कार का सम्मान प्राप्त हुआ है। एक साथ चार संकाय सदस्यों को सम्मान मिलना महाविद्यालय के लिए अत्यंत गर्व व गौरव का विषय है।

इस प्रकार शैक्षणिक सत्र 2021-22 में सत्र आरम्भ से सत्र के अन्त तक यह शैक्षणिक संस्थान निरंतर बहुउद्देशीय गतिविधियों के सफल क्रियान्वयन की दृष्टि से सार्थकता को परिलक्षित करता रहा है।

मैं छात्राओं को उनकी उपलब्धियों के लिए हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ प्रेषित करती हूँ।

प्राचार्य
जा.दे.ब. राजकीय कन्या महाविद्यालय
कोटा

SANJAY BHARGAVA
Digitally signed by SANJAY BHARGAVA
Date: 2023.04.27 12:28:32 +05'30'